# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

**वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ**




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 08 दिसंबर।** जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित नलजल योजनाओं की समीक्षा के साथ ही ग्राम पंचायतों में संचाालित स्वच्छता गतिविधियों का आंकलन किया गया। इस अवसर पर श्योपुर, कराहल, विजयपुर विकासखण्ड की सभी ग्राम पंचायतों के लिए वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ किया गया।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, सीईओ जनपद कराहल राकेश शर्मा, स्वच्छता समन्वयक जीएस डोगरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जो योजनाएं पंचायतों को हस्तातंरित हो गई है, पंचायतों द्वारा उनका संचालन सतत् रूप से किया जायें तथा जो योजनाएं पूर्ण नही हुई है, उन्हें शीघ्रता से पूर्ण कराने का कार्य किया जायें।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि एकल ग्राम नलजल योजना में शेष बचे कार्य को पूर्ण करते हुए सभी परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान किया जायें, उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 119 ग्राम पंचायतों में 158 नलजल योजनाएं संचालित है। इनके रख रखाव का कार्य बेहतर तरीके से किया जायें तथा प्रगतिरत योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण कराया जायें। इस अवसर पर पुनरीक्षित 48 योजनाओं एवं रोड रेस्टोरेंशन कार्य की समीक्षा भी की गई।

वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ

ग्राम पंचायतों में संस्थागत और व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के रख रखाव के उद्देश्य से तीनों विकासखण्ड अंतर्गत वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कम लागत और सुलभ सेवा स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील सेवा सफाई मित्रों द्वारा आधुनिक उपकरणों के माध्यम से की जाती है।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने बताया कि संस्थागत शौचालय अंतर्गत सामुदायिक शौचालय के क्रम में स्कूल, आंगनबाडी, छात्रावासों, पंचायतों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों के शौचालय शामिल रहेंगे। इसके अंतर्गत 19 सेवा कलस्टर बनाये गये है, प्रत्येक कलस्टर के 5 किलोमीटर के दायरे में सामुदायिक शौचालय की सफाई के लिए 200 रूपये तथा व्यक्तिगत शौचालय सफाई के लिए 50 रूपये का सेवा शुल्क निर्धारित किया गया है। 5 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए सामुदायिक शौचालय हेतु 250 रूपये शुल्क रखा गया है। सेवा प्राप्त करने के लिए स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील एप प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है तथा उक्त एप के माध्यम से सेवा प्राप्त करने हेतु बुकिंग की जा सकती है। इसके अलावा स्वच्छता साथियो के मोबाइल नंबर के माध्यम से ऑफ्लाइन बुकिंग भी की जा सकती है। जिले में 22 स्वच्छता साथियो का चयन किया गया है।

## उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दिया जाये : सीईओ जिला पंचायत




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के निर्देशानुसार उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग अंतर्गत जिला मिशन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि जिले में उद्यानिकी फसलों को बढावा दिया जायें तथा फूड आधारित उद्योगों के विकास के लिए कार्य किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने फ्लोरीकल्चर अंतर्गत फूलो की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया जायें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान उद्यान विस्तार अधिकारी एसएस प्रजापति, कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह, एलडीएम यदु सॉय सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति की जायें, इसके अंतर्गत नवीन बगीचों की स्थापना के लिए 75 हजार की इकाई पर 40 प्रतिशत तक अनुदान है, इसमें पपीता, इमली, बेर, कटहल, आंवला आदि के उत्पादन का प्रावधान है। संकर सब्जी क्षेत्र विस्तार के लिए 60 हेक्टयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, 60 हजार की इकाई में 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार प्याज एवं लहसुन, पुष्प क्षेत्र, मसाला क्षेत्र विस्तार के लक्ष्यों के अनुरूप किसानों को लाभ प्रदान करते हुए उद्यानिकी फसलों के लिए प्रोत्साहित किया जायें।

उद्यान विस्तार अधिकारी एसएस प्रजापति ने बताया कि बागवनी यंत्रीकरण अंतर्गत ट्रेक्टर, पावर टिलर के लिए 8 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसमें कार्य आदेश जारी कर दिये गये है।

## मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत रजिस्ट्रेशन शुरू

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08 दिसम्बर।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा निजी व शासकीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों में युवाओं को मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत ऑन द जॉब ट्रेनिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसके लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गये है।

प्राचार्य शासकीय आईटीआई आशीष कुमार जैन ने बताया कि योजना के तहत मध्यप्रदेश के 1 लाख युवाओं को सालभर में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है, इसके अंतर्गत 18 से 29 वर्ष के युवा पात्र होंगे, जो मध्यप्रदेश के निवासी है तथा जिनकी योग्यता कक्षा 12, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक या उच्च है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को 8 से 10 हजार रूपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जायेगा। स्टाइपेंड का 75 प्रतिशत राज्य शासन द्वारा एवं 25 प्रतिशत संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा वहन किया जायेगा। इच्छुक उम्मीदवार ूउडोल.उच.हवअ.पद पर रजिस्ट्रेशन करवाकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी तथा रजिस्ट्रेशन में किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए कॉल सेंटर के दूरभाष क्रमांक 0755-2525258 पर सुबह 09 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते है। इसके अलावा शासकीय आईटीआई श्योपुर के टीपीओ से मोबाइल नंबर 7000319811 पर संपर्क किया जा सकता है। इस पोर्टल पर इच्छुक उम्मीदवारों के अलावा निजी प्रतिष्ठान, औद्योगिक इकाईयां भी रजिस्ट्रेशन करा सकती है, रजिस्ट्रेशन के लिए औद्योगिक इकाईयों एवं प्रतिष्ठानों के पास जीएसटी रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है तथा उनके संस्थान में पूर्व से 4 व्यक्तियों का कार्यबल होना चाहिए।

## पंचायतों में उप निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी,फार्म लेने की प्रक्रिया शुरू



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा के निर्देशन में श्योपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत रिक्त पदो पर निर्वाचन के लिए आज 8 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिला पंचायत सदस्य के रिक्त एक पद के लिए नामांकन फार्म कलेक्टर कार्यालय में लिये जायेंगे, जबकि सरपंच एवं पंच के रिक्त पदो पर निर्वाचन हेतु नाम निदेशन पत्र संबंधित विकासखण्ड के तहसील कार्यालयों में जमा किये जा सकेंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतो में उप निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी अधिसूचना के साथ ही नामांकन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, नामांकन पत्र 15 दिसंबर अपरान्ह 03 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे, शनिवार को भी नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकते है। नाम निर्देशन पत्रो की जांच का कार्य 16 दिसंबर को होगा। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। इसी दिन अपरान्ह 3 बजे के बाद निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेगे। मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।

जिला पंचायत सदस्य के पद के लिए नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट भवन स्थित कलेक्टर न्यायालय में प्राप्त किये जायेंगे। सरपंच एवं पंच पदो के लिए नामांकन फार्म संबंधित विकासखण्ड के तहसील कार्यालय श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर में लिये जायेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिला पंचायत सदस्य पद हेतु नियुक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के एक पद वार्ड क्रमांक 01 (मानपुर क्षेत्र) सहित श्योपुर की ग्राम पंचायत नागदा एवं विजयपुर विकाखण्ड की ग्राम पंचायत बैचाई में सरपंच के रिक्त पदों पर निर्वाचन होगा। इसी प्रकार श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत 15 पंचायतों में पंच के 36, कराहल विकासखण्ड अंतर्गत 18 पंचायतों में पंच के 80 तथा विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत 12 पंचायतों में पंच के 30 पदों पर निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि आज प्रथम दिन जिला पंचायत सदस्य सहित सरपंच एवं पच के पदों के लिए कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ है।

## शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यार्थी रवाना



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08 दिसम्बर।** सांदीपनि विद्यालय श्योपुर के दो विद्यार्थियों को आज शैक्षणिक भ्रमण के लिए गुजरात रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल सहित अन्य शिक्षको द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत कर गुजरात भ्रमण के लिए विदाई दी गई।

प्राचार्य खंडेलवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा गुजरात शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय की कक्षा 10 के टॉपर एक छात्र एवं एक छात्रा को शामिल किये जाने के क्रम में श्योपुर सांदीपनि विद्यालय के टॉपर छात्र कुलदीप धाकड़ एवं छात्रा खुशी गोयल को श्योपुर से शिवपुरी के लिए रवाना किया गया। उन्होने जानकारी दी कि विद्यार्थी शिवपुरी से भोपाल तथा भोपाल से स्पेशल ट्रेन वन्दे भारत से 7-दिवसीय गुजरात शैक्षणिक भ्रमण पर प्रस्थान करेंगे। प्राचार्य ने बच्चों एवं पालकों को माला पहनाकर स्वागत किया, विद्यालय के शिक्षक नरेश योगी, रामदयाल राव, लोकेश मथुरिया, कौशल त्रिपाठी, अनुज अर्गल एवं विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थे।

### घरेलू काम काज को लेकर मारपीट

**श्योपुर।** थाना बडौदा मारपीट फरिया. सवनम पत्नी बल्लू मुसलमान उम्र 30 साल नि. बागल्दा स्थान फरिया के घर के पीछे बागल्दा आरोपीगण , बल्लू मुसलमान, बाबू मुसलमान, मुन्नी मुसलमान नि.गण बागल्दा ने फरिया. को घरेलू काम काज को लेकर बुरी-बुरी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी ।

### कराहल, सेसईपुरा, सिलपुरी एवं खिरखिरी फीडर से बंद रहेगी सप्लाई

**श्योपुर, 08 दिसंबर।** 132 केव्ही उपकेन्द्र कराहल पर स्थापित 132 केव्ही मैनबस पर मैनबस आईसोलेटर के एलायनमेंट कार्य किये जाने के चलते 09 दिसंबर को इस उपकेन्द्र से निर्गमित 33 केव्ही फीडर सेसईपुरा, कराहल, सिलपुरी एवं खिरखिरी से प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक बिजली बंद रहेंगी। उपमहा प्रबंधक दक्षिण संभाग ने बताया कि उक्त कार्य के चलते सेसईपुरा, कराहल, सिलपुरी एवं खिरखिरी फीडर से 09 दिसंबर को प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक संबंधित फीडर क्षेत्र में विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी।

## शीतलहर से हो सकता है बड़ा नुकसान, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08 दिसम्बर।** आगामी दिनों में ठंड की तीव्रता बढ़ने और शीतलहर की स्थिति बनने की संभावना को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिलीप सिकरवार ने नागरिकों के लिए एडवायजरी जारी की है। इसमें आम जनता से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दिसम्बर और जनवरी के बीच शीतलहर का प्रभाव अधिक होता है। बढ़ती ठंड बुजुर्गों, बच्चों, पहले से बीमार व्यक्तियों, दिव्यांगजन, खुले स्थानों पर काम करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए विशेष रूप से जोखिमपूर्ण हो सकती है।

विभाग ने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में शीतलहर और तीव्र शीतलहर दोनों ही परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं, जिनसे दीर्घकालीन बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, सांस संबंधी रोगों से ग्रसित मरीजों, वृद्धजनों और पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के प्रभावित होने की आशंका अधिक रहती है। ऐसी स्थिति में हाइपोथर्मिया, निमोनिया, अस्थमा और हार्ट अटैक जैसी समस्याएँ बढ़ सकती हैं। इसलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य पर नियमित निगरानी रखने और किसी भी असामान्य लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है। अत्यधिक ठंड में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना, गुनगुना पानी पीना, शरीर को गर्म रखने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करना और गर्म कपड़ों का उपयोग करना लाभदायक है। साथ ही घरों में पर्याप्त वेंटिलेशन बनाए रखना आवश्यक है। हृदय एवं श्वांस संबंधी रोगियों को विशेष सतर्कता बरतने और बिना चिकित्सकीय सलाह के कोई भी दवा न लेने की सलाह दी गई है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला और बच्चे की मौत

**जबलपुर, 07 दिसंबर.** जिले में रेलवे लाइन पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला और चार साल के एक लड़के की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। रेलवे के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मदन महल रेलवे स्टेशन पर हुई।

रेलवे सुरक्षा बल स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक राजीव खर्ब ने बताया कि मृतक पुष्पा सोनी (40) और राजवीर पटेल और अन्य पीड़ित रानी कमलापति-मदन महल जनशताब्दी एक्सप्रेस से मदन महल स्टेशन पहुंचे थे।

### शिक्षक पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य जारी

**श्योपुर, 08 दिसम्बर।** माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षको के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय श्योपुर में जारी है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार माध्यमिक शिक्षक तथा प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2024 के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया संचालित है। दस्तावेजों का सत्यापन 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आज प्रथम दिन सत्यापन केन्द्र डीईओ कार्यालय पर उपस्थित 17 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कार्य किया गया। उन्होने जानकारी दी कि एमपी ऑनलाइन द्वारा आज के स्लॉट में 19 अभ्यर्थियों को सत्यापन केन्द्र पर भेजा गया था, जिसमें से 17 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा दो अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। दस्तावेज सत्यापन में 16 अभ्यर्थी पात्र पाये गये तथा एक अभ्यर्थी अपात्र पाया गया।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि :शुल्क कक्षाएं 15 से

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में तथा शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ एसडी राठौर के निर्देशन में शासकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कक्षाएं शुरू की जा रही है।

नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापक खेमराज आर्य ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए यह कक्षाएं 15 दिसंबर से शुरू की जायेगी, महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 22 में दोपहर 2.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक कक्षाओं का संचालन किया जायेगा। इसके माध्यम से एमपीपीएससी, रेलवे, पुलिस, एसएससी, शिक्षक आदि के पाठयक्रम अनुसार सामान्य अध्ययन, समसामयिक, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित व रीजनिंग आदि विषयों का अध्ययन नियमित रूप से कराया जाएगा। महाविद्यालय की समस्त छात्राएं इसमें सम्मिलित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकती है। इसके अलावा अन्य छात्राएं जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है, वे भी इन कक्षाओं में उपस्थित होकर लाभ ले सकती है।

### देशी प्लेन मदिरा मशाला के 1780 पॉव ले जाते पकड़ा

**श्योपुर,08 दिसम्बर।** थाना कराहल अवैध शराब पकड़ आरोपी लोडिंग गाडी क्र. - 1900 पिकअप चालक को दि. 07.12.25 के रात्रि 03.15 बजे स्थान शिवपुरी श्योपुर रोड अन्नपूर्ण मंदिर की ठलान गोरस आरोपी अपनी गाडी मे देशी प्लेन मदिरा मशाला के 1780 पॉव कीमती 7,79000/- रु. (सात लाख उन्यासी हजार रु.) के ले जाते पकड़ा ।

## हमारी यादों में जिन्दा हैं जनहित के सजग प्रहरी स्व . देवेन्द्र सिंह तोमर



**प्रथम पुण्यतिथि पर विशेष**

वह बिरले ही होते हैं, जिनका जाना हर किसी को अखर जाता है और ऐसे ही लोग होते हैं, जिनकी यादें हमेशा सालती रहती हैं। ईश्वर के लोक में जाना हम सभी की नियति है, लेकिन बड़े भाई साहब के नाम से विख्यात श्री देवेन्द्र सिंह तोमर यूं असमय चले जाएंगे, इसका भान किसी को न था। गांव की पगडंडी से शहरी चकाचौंध तक के अपने सामाजिक और राजनीतिक सफर में वह कई पड़ावों से गुजरे और अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। मुरैना जिले की अम्बाह तहसील के नावली गांव में ठेठ देहाती परिवेश में पले-बढ़े श्री देवेन्द्र सिंह तोमर कैलाशवासी श्री हाकिम सिंह जी तोमर कि घर में जन्म लेने वाले उनके तीन पुत्रों में सबसे ज्येष्ठ पुत्र थे। अपनी सोच, विचारधारा और काबिलियत के दम पर उन्होंने जो मुकाम हासिल किया, वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह उनके माता-पिता के ही संस्कार थे कि उनके तीनों बेटे कैलाशवासी श्री देवेन्द्र सिंह तोमर, श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जो कि मध्य प्रदेश सरकार में ऊर्जा मंत्री हैं और सबसे छोटे श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर ने अपने माता-पिता और अपने गांव और परिवार का सदैव सम्मान रखा। कैलाशवासी श्री देवेन्द्र सिंह तोमर के पिता कैलाशवासी श्री हाकिम सिंह तोमर जिला रोजगार अधिकारी के पद पर रहे। पिता की नौकरी के कारण पूरे परिवार को ग्वालियर आना पड़ा। हालांकि उनकी प्रारंभिक शिक्षा मुरैना जिले के अम्बाह तथा उच्च शिक्षा विदिशा के सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट में हुई।

कहते हैं कि राजनीति की राहें बेहद फिसलन भरी होती हैं और इन रास्तों से बगैर डरे, बगैर गिरे और बेदाग निकलना हर किसी की बस की बात नहीं होती है। लेकिन कैलाशवासी श्री देवेन्द्र सिंह तोमर ने ऐसा कर दिखाया और सत्य के मार्ग पर चलकर दूसरों को भी प्रेरणा दी। कई बार मनुष्य का लक्ष्य कुछ और होता है और मंजिल कुछ और। कैलाशवासी श्री देवेन्द्र सिंह तोमर के साथ भी ऐसा ही हुआ। सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद राजनीति में कदम रखना उनका अपना फैसला था। नगर निगम ग्वालियर में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालते हुए उनके कार्यकाल को हमेशा याद रखा जाएगा। राजनीतिक क्षेत्र में काम करते हुए उन्होंने अपने कुछ मूल्य और उसूल स्थापित किए, जिनसे जीवन पर्यंत उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। उनसे हर रोज बड़ी संख्या में लोग मिलते थे, जिसमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की होती थी, जो अपनी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आते थे। वह आगंतुकों के उसी काम को पूरा करने का आश्वासन देते थे, जो उनके लिए संभव होता था। ऐसा काम जो उनके लिए संभव न था, वह स्पष्ट तौर पर मना कर देते थे। इसके लिए किसी काम की सिफारिश लेकर आने वाले को भले ही बुरा लग जाए। हां जनहित में उनके बताए किसी काम को अगर कोई अधिकारी पूरा नहीं करता, तो वह उसकी 'खबर' लेने से भी नहीं चूकते थे। राजनीति में रहते हुए उन्होंने जात-पात और धर्म को हमेशा अलग रखा।

**प्रदीप भटनागर**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

### आवनी आंगनबाड़ी में हेल्थ चौकअप

**श्योपुर, 08 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार आरबीएसके टीम द्वारा आज आवनी आंगनबाडी केन्द्र में शिविर लगाकर बच्चों का हेल्थ चौकअप किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डॉ सबीना खान द्वारा बच्चों की हीमोग्लोबिन जांच की गई तथा बच्चों को आयरन गोली खाने के लिए जागरूक किया गया। आरबीएसके की समन्वयक श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि हेल्थ कैंप के दौरान एनिमिया से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

## वृद्ध पर जंगली जानवर ने किया हमला

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,08 दिसम्बर।** विजयपुर नगर के बार्ड क्रमांक 6 के निबासी लंख्खू पुत्र गंज्जू राठोर उम्र 60,65 बर्ष प्रतिदिन की भांति अपने घर से दो किलोमीटर के करीब मकनाकेपुरा के पास ताल बाले खेत पर रखवाली करने जाते थे आज कल क्षेत्रीय लोग अपने गांवों से आबारा मबेशियौ को हाक जाते हैं जो मबेशी रात के समय खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद कर रही है इसलिए अधिकांश लोग अपने-अपने खेतौ पर रात्रि में रखवाली करते है ,इसी बीच आज बीती रात को लंख्खू राठौर अपने खेत पर रखवाली करने जाता था कि अचानक जंगली जानवर तैदूये ने हमला कर दिया और बह जंगली जानवर लंख्खू राठौर को करीब 40 मीटर की दूरी तक खीच ले गया था। आज की धटना से क्षेत्र में आम लोगों मैं रोष तथा भयभीत हैं पुलिस व वन विभाग जांच में जुटे ।



## सांसद खेल महोत्स्व : रस्साकसी, गोला फेक, कबड्डी का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,08 दिसम्बर।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से हर गांव और शहर में छिपी प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आज विजयपुर गणेश शिक्षा महाविद्यालय में विकास खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कबड्डी, रस्साकसी, गोला फेक, 100 मीटर दौड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।




सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत प्रतियोगिताओ का शुभारंभ पूर्व मंत्री रामनिवास रावत एवं सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा श्री तुरसनपाल बरैया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयपुर शुभम मुदगल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री श्री अरविन्द सिंह जादौन, जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा एवं परिक्षित धाकड, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष गसवानी जगदीश धाकड, अगरा रामलखन कुशवाह, वीरपुर आकाश रावत, रघुनाथपुर आकाश जादौन, मंडल महामंत्री विजयपुर हाकिम कुशवााह, मुकेश जाटव, अजय शर्मा कैलाश सिरोठिया, विश्राम कुशवाह, जनपद सदस्य पुरूषोत्तम शर्मा, दिनेश शर्मा, जितेंद्र अवस्थी, भरत शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी सौरभ जादौन, राहुल भारद्वाज, लायकराम श्रीवास, अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। इसके अलावा विजयपुर अभिषेक मिश्रा बीईओ विजयपुर अशोक डंडोतिया, बीआरसीसी उमाकांत वशिष्ठ, कन्या शाला के प्राचार्य गणेश जाटव आदि मौजूद रहे। गणेश शिक्षा महाविद्यालय विजयपुर में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं मै रस्सीकस विजयपुर विजेता, रस्सीकस गसवानी विजेता एवं विजयपुर उपविजेता, कब्बडी बालक विजयपुर विजेता एवं गसवानी उपविजेता, गोला फेंक रामवरण रावत, दीपक कुशवाह,100 मीटर दौड़ मै प्रशांत धाकड़ प्रथम संस्कार शिवहरे द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं का संचालन जिला क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग अजय त्रिवेदी, खेल शिक्षक पंकज त्रिवेदी, रामलखन धाकड़, रघुराज सिंह जादौन, वृजेंद्र शर्मा आदि द्वारा किया गया।